बजाज इलेक्ट्रिकल्स का व्यापार बढ़ा

कोलकाता. बजाज इलेक्ट्रिकल्स कोलकाता में अपना व्यापार बढ़ाने में सफल रहा है। पिछले वित्त वर्ष की

तुलना में कंपनी ने 22 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शेखर बजाज ने कोलकाता में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक कंपनी का कारोबार डेढ़ सौ करोड़ से अधिक करने का लक्ष्य है। कंपनी ने अत्याधुनिक उपक्रम इंडक्शन कुकर्स,वाटर प्यूरीफायर्स, प्रेशर कुकर्स और मिक्सर्स के अलावा लेड चार्ट,लेड लालटेन और चिल एयर फैन्स का निर्माण किया है। सभी उत्पाद कोलकाता के बाजारों में उपलब्ध है। कम्पनी अपने कारोबार को और जनोमुखी बनाने के लिए उपभोक्ताओं से संपर्क साध रही है।